पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-11 | सोमवार, दिनांक-04 मार्च, 2013 ई० ।

मानीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.55 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 09 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iii) 69 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

आज दिनांक 04 मार्च, 2013 के लिए प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं होने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(ii) श्री प्रदीप कुमार
(iii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(iv) श्री रामधनी सिंह
(v) डा० रणविजय कुमार
(vi) श्री विनोद प्रसाद यादव
(vii) श्री अशोक कुमार सिंह
(viii) श्री राजकुमार राय
(ix) श्री दिनेश कुमार सिंह
(x) श्री कुमार शैलेन्द्र
(xi) श्री रणधीर कुमार सोनी
(xii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xiii) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(xiv) श्री विजय कुमार सिन्हा
(xv) श्री ललन राम

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) मा० सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का गन्ना उद्योग विभाग से संबंधित एवं दिनांक 19.02.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया तथा उत्तर से मा० सदस्य के असंतुष्ट होने के कारण आसन द्वारा इसे प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सौंपे जाने की घोषणा की गई ।

(ii) मा० सदस्य श्री श्रवण कुमार एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित एवं दिनांक 26.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर देने हेतु सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(iii) मा० सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित एवं दिनांक 28.02.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) मा० सदस्य श्री सतीश कुमार एवं अन्य सभासदों का लघु जल संसाधन विभाग से संबंधित (जल संसाधन विभाग को स्थानांतरित) ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(v) मा० सदस्य श्री कृष्णनन्दन यादव एवं अन्य सभासदों का गृह (आरक्षी) विभाग से संबधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[5] <u>वित्तीय कार्य</u> :-<u>वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदान की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान</u>:-

मा० प्रभारी मंत्री उर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा उर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा राज्य सरकार की उर्जा नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती लेशी सिंह

(मा० अध्यासी सदस्या श्रीमती गुड्डी देवी ने आसन ग्रहण किया)

(ii) मो० अखतरूल ईस्लाम शाहीन

(माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(iii) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(iv) मो० अफाक आलम
(v) श्री मनीष कुमार
(vi) श्री अवधेश कुमार राय
(vii) श्री जवाहर प्रसाद
(viii) श्री पवन कुमार जायसवाल
(ix) श्री अनंत कुमार सत्यार्थी
(x) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xi) श्री प्रदीप कुमार

मा० प्रभारी मंत्री उर्जा विभाग श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के मा० सदस्यगण (सी०पी०आई० को छोड़कर) सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदुपरांत मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि का कटौती प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा उर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[6] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 23 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाऐंगें ।

तत्पश्चात सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 05.03.2013 के 11.00 बजे पूर्वाहन् तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-04.03.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।